(क) हाल ही में जिन डाकुओं ने आत्म समर्पण किया था उनसे सरकार को किस प्रकार के हथियार मिले हैं;

(ख) क्या सरकार ऐसा समझती है कि इस क्षेत्र के सभी डाकुओं ने आत्म समर्पण कर दिया है;

(ग) यदि नहीं, तो कितने डाकू और शेष रह गये है; और

(घ) क्या सरकार यह अनुभव करती है कि इस क्षेत्र के डाकुओ के आत्म समर्पण से डाकू समस्या हल हो गई ?

गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) . (क) डाकुओ द्वारा आत्म सम्पर्ण के समय जो हथियार समर्पित किए गये है उनमे .303 राइफले, स्वय भरी जान वाली राइफले, स्टेनगने, 12 बोर की बन्दूके तथा थोमप्सन मशीन कारबाइन्स (टी० सी० एम०) सम्मिलित है ।

(ख) जी नही, श्रीमान् ।

(ग) मोटे तौर पर 208 पंजीकृत डाकू अभी फरार हैं ।

(घ) जी नही, श्रीमान् ।

दस पैसे के पुराने सिक्कों की कमी और नये सिक्कों के प्रचलन के कारण सार्वजनिक टेलीफोन घरों पर कठिनाइयां

5652. **श्री चन्दूलाल चन्द्राकर** : क्या संचार मंत्री यह बतलाने की कृपा करेगे कि :

(क) क्या दस पैसे के नए सिक्कों के प्रचलन से सार्वजनिक टेलीफोन घरों पर, जहां दस पैसे के दो पुराने सिक्के डालने पड़ते है, दस पैसे के पुराने सिक्कों की कमी के कारण लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या सरकार का इन सार्वजनिक टेलीफोनों को बदलने अथवा इनके साथ ऐसे दूसरे सार्वजनिक टेलीफोन लगाने का विचार है जिनमें नए सिक्के डाले जा सकें; और

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में कब तक आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा): (क) संभव है कि कुछ लोगो को ऐसी कठिनाई का सामना करना पड़ता हो ।

(ख) सरकार का विचार सभी सार्वजनिक टेलीफोनो के सिक्को के बक्स बदलने का है जिससे कि उनमें 10 पैसे के नये सिक्के डाले जा सके ।

(ग) 10 पैसे के नये सिक्कों का काफी प्रचलन हो जाने पर इस सबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

दुर्ग जिले मे टेलीफोन की सुविधा

5653. **श्री चन्दूलाल चन्द्राकर** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दुर्ग जिले के कितने कस्बो मे टेलीफोन की व्यवस्था है;

(ख) गत दो वर्षों में टेलीफोन विभाग को कितनी आय हुई;

(ग) क्या उनमे से तीन चौथाई टेलीफोन केन्द्रो मे टेलीफोन व्यवस्था ठप हो गई है; और

(घ) इस दिशा में सुधार के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा): (क) 17 कस्बों में । इनमें से 11 में टेलीफोन एक्सचेंज और 6 में लम्बी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन घर हैं ।